अति आवश्यक

उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स,-19 सी, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001

दूरभाष--0522--2235752, फैक्स--0522--2235806

Web-www.uppbpb.gov.in

संख्याःपीआरपीबी--एक--2(प्रोग्रामर ग्रेड--2/कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड--ए)--2021/22, दिनांकः मार्च 27 , 2025

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

संशोधित सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रोग्रामर ग्रेड--2 के पदों पर सीधी भर्ती--2023

बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रोग्रामर ग्रेड--2 के पदों पर सीधी भर्ती--2023 के अन्तर्गत सूचना/विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी--एक--2(प्रोग्रामर ग्रेड--2/कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड--ए)--2021/22, दिनांकः 29.12.2023 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्रकाशित इस विज्ञप्ति के **प्रस्तर--4.1** में लिखित परीक्षा को वस्तुनिष्ठ प्रकार की **ऑनलाइन** परीक्षा कराये जाने का उल्लेख किया गया था।

2-- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शासनादेश संख्या--6/2024/148/सामान्य/47/का--4--2024, दिनांक 19.06.2024 से प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोग/चयन बोर्ड की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा--निर्देश निर्गत किये गये हैं।

3-- भर्ती की प्रक्रिया के सम्बन्ध में उपरोक्त शासनादेश में प्रदत्त विस्तृत दिशा--निर्देशों के अनुपालन में अब इस भर्ती की लिखित परीक्षा को वस्तुनिष्ठ प्रकार की **"ऑनलाइन"** परीक्षा के स्थान पर वस्तुनिष्ठ प्रकार की **"ऑफलाइन"** परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है।

4-- एतद्द्वारा इस भर्ती की विज्ञप्ति के प्रस्तर--**4.1** में प्रावधानित लिखित परीक्षा को "वस्तुनिष्ठ प्रकार की **ऑनलाइन**" परीक्षा के स्थान पर "वस्तुनिष्ठ प्रकार की **ऑफलाइन**" परीक्षा पढ़ा जाय।

5-- प्रकाशित सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 29.12.2023 में अंकित अन्य सभी तथ्य, शर्तें/प्राविधान यथावत रहेंगे।

6-- परीक्षा की तिथि इत्यादि की जानकारी, Admit Card जारी करते समय दी जायेगी।

अपर सचिव (भर्ती),
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।